Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding victory in Under-21 football match against Argentina.

श्री प्रसून बनर्जी (हावड़ा): मैडम, मैं थोड़ा इधर से बोल रहा है; पीछे की तरफ से बोल रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष: आप स्पोर्ट्स की बात बोलने वाले हैं, इसलिए मैं आपको समय दे रही हूं।

श्री प्रसून बनर्जी :थैंक्यू मैडम, मैं खुश हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया। कल का दिन हमारे देश के लिए सबसे अच्छा दिन था, क्योंकि हमारे बच्चे लोग स्पेन में फुटबॉल खेलने के लिए गए थे और उन्होंने अंडर-21 में अर्जेंटिना को 2-1 गोल से हराकर जीत हासिल की है, इसलिए हमें उनको बधाई देना चाहिए। हमारे बच्चे लोग बहुत अच्छी तरह से खेले हैं, इसलिए मैं आपको तथा सभी सदस्यों को बधाई देना चाहता हूं। आज भारत में फुटबॉल का खेल ऊपर की तरफ जा रहा है। नमस्कार, जय-हिंद, धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: इसीलिए मैंने आपको समय दिया था। आपने बहुत अच्छी बात की है।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रसून बनर्जीद्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।